उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
पिकप भवन-तृतीय तल, गोमती नगर,
लखनऊ-226010

संख्या- 22/सूचना-परीक्षा/यू०पी०एस०एस०एस०सी०/2015
दिनांक : 04 दिसम्बर, 2015

आवश्यक सूचना

उ०प्र० अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ के विज्ञापन संख्या- 7(3)/2015 द्वारा निदेशक, पंचायतीराज, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के नियंत्रणाधीन ग्राम पंचायत अधिकारी (सामान्य चयन) 2015 के अंतर्गत ग्राम पंचायत अधिकारी के पदों पर चयन हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। उक्त पदों के सापेक्ष आवेदन करने वाले समस्त अभ्यर्थियों को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि प्रश्नगत पदों पर चयन के लिए लिखित परीक्षा हेतु निम्नवत परीक्षा योजना एवं पाठ्यक्रम निर्धारित किए जाने का निर्णय लिया है:-

ग्राम पंचायत अधिकारी के पदों पर चयन हेतु परीक्षा योजना एवं पाठ्यक्रम

प्रश्नगत परीक्षा 02 चरणों में आयोजित की जायेगी। लिखित परीक्षा में 01 प्रश्नपत्र होगा, जिसके कुल अधिकतम अंक 90 होंगे तथा साक्षात्कार के अंक 20 होंगे। इस प्रकार से अभ्यर्थियों का चयन कुल 110 अंकों के आधार पर किया जायेगा। विवरण निम्नवत् हैः-

परीक्षा योजना तथा पाठ्यक्रम

विषय	प्रश्नों की संख्या	अंक	समयावधि
प्रथम चरण-- भाग--1-- हिन्दी परिज्ञान एवं लेखन योग्यता	40	40	एक घण्टा तीस मिनट
भाग--2-- सामान्य बुद्धि परीक्षण	20	20	
भाग--3-- सामान्य जानकारी	30	30	
योग	90	90	
द्वितीय चरण-- साक्षात्कार	--	20	
कुल योग	--	110	

पाठ्यक्रम

भाग--1-- हिन्दी परिज्ञान और लेखन योग्यता--

उक्त भाग में अभ्यर्थियों से हिन्दी भाषा के ज्ञान, समझ तथा लेखन योग्यता संबंधी प्रश्न पूछे जायेंगे। यह भाग उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाई स्कूल परीक्षा अथवा समकक्ष परीक्षा के स्तर का होगा।

भाग--2-- सामान्य बुद्धि परीक्षण--

इस भाग में पूछे जाने वाले प्रश्नों का उद्देश्य किसी नवीन परिस्थिति को समझने, उसके विभिन्न तत्वों का विश्लेषण कर पहचान करने एवं तर्क करने की योग्यता को मापना है। इस भाग में ऐसे प्रश्न भी पूछे जायेंगे, जो अनुदेशों को समझने, संबंधों/समानताओं/संगतताओं का पता लगाने, निष्कर्ष निकालने तथा बौद्धिक क्रियाओं से संबंधित हों।

भाग–3– सामान्य जानकारी–

इस भाग में अभ्यर्थियों से उसके चतुर्दिक वातावरण के संबंध में सामान्य जानकारी तथा समाज में उसकी उपयोगिता के संबंध में, योग्यता मापने के लिए प्रश्न पूछे जायेंगे। इस भाग में सम–सामयिक घटनाओं, प्रतिदिन दृष्टिगोचर होने तथा अनुभव में आने वाले तथ्यों, विशेष रूप से भारत से संबंधित ऐतिहासिक/भौगोलिक तथ्यों से संबंधित एवं वैज्ञानिक पहलुओं से संबंधित प्रश्न भी पूछे जायेंगे।

सचिव,
उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
लखनऊ।